




दवा अनुमोदन प्रक्रिया और कैंसर विषय पर आयोजित व्याख्यान में विद्यार्थियों को जानकारी देते प्रो. (डॉ.) रमा द्विवेदी एवं डॉ. अनुराग श्रीवास्तव

**दिनांक : 05 फरवरी, 2025** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में दवा अनुमोदन प्रक्रिया पर पंचकर्म सभागार में दवा अनुमोदन प्रक्रिया और कैंसर विषय पर  व्याख्यान का आयोजन किया गया।

दवा अनुमोदन प्रकिया व्याख्यान के मुख्य वक्ता जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय, वाशिंगटन डी.सी., यू.एस.ए. के प्रो. (डॉ.) रमा द्विवेदी ने फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में हो रहे नवाचारों और चुनौतियों पर सभी का मार्गदर्शन किया। दीप प्रज्वलन, मां शारदे के वंदन और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्याख्यान का शुभारंभ हुआ।

व्याख्यान से पूर्व फार्मेसी संकाय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) शशिकांत सिंह जी ने अतिथि प्रो.(डॉ.) रमा द्विवेदी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

डॉ. रमा द्विवेदी ने विदेश यात्राओं का संस्मरण और वैज्ञानिक कार्यों को साझा करते हुए कहा फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में अन्वेषकीय दृष्टि से अनंत चुनौतियां और संभावनाएं है। उच्च स्तरीय गुणवत्ता के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर नोबेल पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में दवाओं पर शोध कार्य किया गया जिससे दवाओं और वैक्सीन के अच्छे परिणाम आए है।

यू.एस. एफ.डी.ए. के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. रमा द्विवेदी ने दवा विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें नई दवाओं का विकास, गैर–नैदानिक मूल्यांकन, नैदानिक परीक्षण शामिल हैं। उन्होंने जेनेरिक और ब्रांडेड दवाओं के बारे महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि दोनों प्रकार की दवाओं में समान तत्व होते हैं और वे समान औषधीय प्रभाव दिखाते हैं। हालांकि, जेनेरिक दवाएं ब्रांड नाम वाली दवाओं की तुलना में सस्ती होती हैं। डॉ.

द्विवेदी ने एफ.डी.ए. द्वारा दवा अनुमोदन की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि एफ.डी.ए. कर्मचारी दवाओं की सुरक्षा और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करते हैं। इस सत्र में डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सामान्य कैंसर, स्तन कैंसर, मुंह के कैंसर और ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एच.पी.वी) का परिचय दिया। डॉ. अनुराग ने कैंसर के प्रभाव उसके उपचार और रोकधाम पर सभी का मार्गदर्शन किया।

व्याख्यान सत्र का संचालन सहायक आचार्य पीयूष आनंद ने किया, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गिरिधर वेदान्तम जी ने किया। व्याख्यान सत्र में सम्बद्ध स्वास्थ्य विभाग संकाय, फार्मेशी संकाय, एम.बी.बी.एस. के छात्र छात्राओं ने विद्वतजनों ने प्रश्न पूछा जिसने प्रमुख रूप से छात्र मंजीत यादव, दीन दयाल गुप्ता, निखिल प्रकाश पाण्डेय, नीलेश यादव, मंजूषा द्विवेदी, प्रीतेश कुमार सहित दर्जनों छात्रों ने संबंधित विषय पर प्रश्न किया।

व्याख्यान में प्रमुख रूप से एम.बी.बी.एस. के प्राचार्य डॉ. अरविंद सिंह कुशवाहा, आयुर्वेद प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदान्तम, फार्मेशी संकाय के प्राचार्य प्रो. शशिकांत सिंह, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह, कृषि विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे, पैरामेडिकल संकाय के प्राचार्य डॉ. रोहित श्रीवास्तव, बी.बी.ए. लॉजिस्टिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तरुण श्याम. डॉ. अमित दुबे, डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, धनंजय पाण्डेय, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ.अभिषेक कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं भी उपस्थित थे।